परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
Atomic Energy Education Society
वार्षिक परीक्षा / Annual Examination 2025-2026

कक्षा / Class: III **अवधि/Time: 3 hours**

विषय /Subject: हिंदी **अधिकतम अंक/ Maximum Marks: 80**

विद्यार्थी द्वारा भरा जाए / To be filled by the Student

अद्वितीय परीक्षा क्रमांक / Unique Examination No: _____

कक्षा / अनुभाग Class / Sec.: _____ दिनांक / Date :_____

परीक्षा का दिन / Day of Examination: _____

विद्यालय का नाम / Name of the School: _____

हस्ताक्षर निरीक्षक (दिनांक सहित) Invigilator's Sign. (With date): _____

अध्यापकों द्वारा भरा जाए / To be filled by the Teachers

प्राप्तांक / Marks Obtained ☐ **पूर्णांक / Total Marks** ☐

हस्ताक्षर परीक्षक (दिनांक सहित) / Examiner's Sign. (With date): _____

हस्ताक्षर जाँचकर्ता (दिनांक सहित) / Cross Checker's Sign.(With date): _____

हस्ताक्षर परीक्षा प्रभारी (दिनांक सहित) / Exam I/C Sign. (With date): _____

सामान्य निर्देश/ General Instructions:

1) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दर्शाए गए हैं।

2) प्रत्येक प्रश्न को ध्यान से पढ़ें और उचित उत्तर दें ।

3) सुनिश्चित करें कि प्रत्येक खंड के प्रश्नों का उत्तर दिया गया है।

पठन क्षमता पर आधारित प्रश्न - (20 अंक)

प्रश्न 1 <u>पठित</u> गदयांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

थिमक्का कर्नाटक की प्रकृति-प्रेमी महिला हैं जिन्हें 'अम्मा' और 'वृक्षमाता' कहा जाता है। उन्होंने हुलिकल-कुदुर मार्ग पर 385 बरगद के पेड़ तथा अलग-अलग स्थानों पर 8000 से अधिक पेड़ लगाए। थिमक्का 'सालूमरदा थिमक्का' के नाम से भी जानी जाती हैं। 'सालूमरदा' कन्नड़ भाषा में पेड़ों की पंक्ति को कहते हैं। पेड़ों के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध थिमक्का को भारत सरकार ने 2019 में पद्मश्री से सम्मानित किया।

i) थिमक्का ने किस मार्ग पर पेड़ लगाए? **(1)**

_____

_____

ii) थिमक्का ने किसके पेड़ लगाए? **(1)**

_____

_____

iii) थिमक्का को भारत सरकार ने 2019 में किससे सम्मानित किया।? **(1)**

_____

_____

iv) 'सालूमरदा' कन्नड़ भाषा में किसे कहते हैं ? **(1)**

_____

_____

v) समान अर्थ लिखिए | **(1)**

मार्ग - _____

प्रश्न 2 <u>पठित</u> गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

एक जंगल में खरनखर नाम का एक सिंह रहता था। एक दिन उसे बहुत भूख लगी। वह आहार की खोज में पूरे जंगल में घूमता रहा, पर एक चूहा तक हाथ नहीं लगा। इस खोज में ही शाम हो गई। अँधेरा हो रहा था। इसी समय उसे एक माँद दिखाई दी। रात काटने के लिए वह उसी में घुस गया।

i) सिंह का नाम क्या था? **(1)**

_____

_____

ii) शाम के समय सिंह को क्या दिखाई दिया ? **(1)**

_____

_____

iii) वह किसकी खोज में पूरे जंगल में घूमता रहा? **(1)**

_____

_____

iv) विलोम शब्द लिखिए | **(1)**

दिन x _____

v) तुक मिलने वाला शब्द लिखिए | **(1)**

शाम -_____

प्रश्न 3 नीचे दिए गए <u>अपठित</u> गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

होली रंगों का प्रिय त्योहार है, जो फागुन पूर्णिमा को मनाया जाता है। उत्सव कई दिन पहले शुरू हो जाता है। बच्चे और बड़े रंग, पिचकारी व गुब्बारों से खेलते हैं। बाज़ार अबीर-गुलाल से सजते हैं। लोग पड़ोसियों व रिश्तेदारों को रंग लगाकर, गले मिलकर और मिठाइयाँ खिलाकर खुशियाँ मनाते हैं। गुझिया, लड्डू और ठंडाई त्योहार का स्वाद बढ़ाते हैं। होली प्रेम और भाईचारे का पर्व है, जब लोग नफरत और दुख भुलाकर नई शुरुआत करते हैं।

i) होली का त्योहार कब मनाया जाता है? **(1)**

_____

_____

ii) होली के समय बाज़ार किससे सजते हैं? **(1)**

_____

_____

iii) होली पर कौन-कौन से पकवान त्योहार का स्वाद बढ़ाते हैं ? **(1)**

_____

_____

iv) होली किसका त्योहार है? **(1)**

_____

_____

v) बच्चे और बड़े किससे खेलते हैं? (1)

_____

_____

vi) लोग इस दिन क्या भुलाकर नई शुरुआत करते हैं? (1)

_____

_____

vii) रिक्त स्थान भरिए: (1)

होली प्रेम और _____ का पर्व है।

viii) समानार्थी शब्द लिखिए । (1)

पर्व - _____

ix) वचन बदलिए। (1)

मिठाई - _____

x) विलोम शब्द लिखिए| (1)

दुख x _____

पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न - (10 अंक)

प्रश्न 4 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।

i) सिमरन बाग में बैठी क्या कर रही थी? (1)

_____

_____

_____

ii) किसान खेतों को जोतने के लिए किसका सहारा लेते हैं? (1)

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्य में लिखिए।

i) किसान ने भालू से बचने के लिए उससे क्या कहा? (2)

ii) दधिपुच्छ ने कैसे जाना कि माँद में खरनखर बैठा है? (2)

iii) पेड़ हमारे किस-किस काम आते हैं? (2)

iv) कविता के अनुसार पिटारा जब खोला गया तो उसमें से क्या-क्या निकला? (कोई चार शब्द) (2)

i) _____ ii)_____

iii) _____ iv)_____

रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न - (10 अंक)

प्रश्न 6 क) चित्र को देखकर नीचे दिए गए शब्दों के आधार पर पाँच वाक्य लिखिए|

(खेल सीढ़ियाँ गुब्बारे पेड़ दोस्त पक्षी) (5)



_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

ख) किसी एक विषय पर पाँच वाक्य लिखिए| (5)

(मेरा प्रिय खेल / पेड़)

व्याकरण पर आधारित प्रश्न - (15 अंक)

प्रश्न 7 क) विलोम शब्द लिखिए। (2)

i) कठिन x ---------- ii) अँधेरा x ----------

ख) नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखिए। **(3)**

i) गुब्बारा - ----------

ii) घोड़ा - ----------

iii) भैंस - ----------

ग) नीचे दिए गए शब्दों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए । **(3)**

(सिमरन गंगा छोटा सिंह कायर)

i) ---------- ii) ---------- iii) ----------

घ) नीचे लिखे वाक्यों में उचित विराम चिन्ह लगाइए। (! ? ।) **(2)**

i) भालू किसान को मारने झपटा

ii) अब चाँद पर क्या चल रहा है

ङ) नीचे लिखे शब्दों से वाक्य बनाइए। **(2)**

i) शेर - ----------

ii) किसान - ----------

च) भूमि शब्द जोड़कर नए शब्द बनाइए । **(3)**

जैसे जन्म भूमि = जन्मभूमि

i) मातृ - ---------- ii) कर्म - ----------

iii) रण - ----------

शब्दावली पर आधारित प्रश्न - (10 अंक)

प्रश्न 8 (क) समान तुक वाले शब्द लिखिए। **(2)**

i) रंग - ---------- **ii) माता - ----------**

ख) शब्दों के अर्थ लिखिए। **(2)**

i) जल - ---------- **ii) जंगल - ----------**

ग) उदाहरण पढ़कर शब्द बनाइए | **(2)**

उदाहरण : बच्चा

i) क्का - ---------- **ii) स्सी - ----------**

घ) नीचे दिए गए वाक्यों के लिए सही शब्द छाँटकर लिखिए। **(2)**

(शिक्षक कृषक सैनिक)

i) खेतों में अन्न उगाने वाले - ----------

ii) देश की रक्षा करने वाले - ----------

ङ) उदाहरण पढ़कर शब्द बनाइए –

उदाहरण : जल + यान = जलयान **(2)**

i) चंद्र + यान = ---------- **ii) वायु + यान = ----------**

वर्तनी पर आधारित प्रश्न - (10 अंक)

प्रश्न 9 क) अक्षरों के क्रम को ठीक करके सही शब्द लिखिए। (3)

i) श / का / आ - ----------

ii) रा / टा / पि - ----------

iii) ड़ा / घो - ----------

ख) सही विलोम शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखिए। (2)

(बाहर चुप जवान)

i) मैं बूढ़ा हो गया हूँ। पहले तो मैं ..... था।

ii) सिंह इस समय भी माँद के भीतर है या ..... निकल गया।

ग) सही स्थान पर चंद्रबिन्दु (ँ) लगाकर शब्द लिखिए। (2)

i) चाद - ----------

ii) गूज - ----------

घ) शब्दों को शुध्द करके लिखिए | (3)

i) असमान - _____

ii) कठपुतलि - _____

iii) उंट -_____

सुलेख पर आधारित प्रश्न - (5 अंक)

प्रश्न 10 नीचे लिखे अनुच्छेद को सुंदर अक्षरों में लिखिए ।

मेहनत जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। जो मेहनत करता है वही सफलता प्राप्त करता है। आलस्य करने वाला व्यक्ति कभी आगे नहीं बढ़ पाता। हमें हमेशा ईमानदारी और लगन से काम करना चाहिए। कठिन परिश्रम से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। इसलिए हमें हर काम पूरी मेहनत और आत्मविश्वास से करना चाहिए।

*****